# University in News on 11 January 2020

## NAVBHARAT TIMES

# किस कोर्स में कितनी ली फीस, देना होगा ब्योरा

## एलयू वीसी के आदेश के बाद तैयारी में जुटा वित्त विभाग

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने वित्त विभाग से 2018-19 और 2019-20 में ली गई कोर्सवार फीस का ब्योरा तलब किया है। इस आदेश के बाद दाखिले के समय सेल्फ फाइनैंस और रेगुलर कोर्स में प्रति छात्र से कितनी फीस ली गई, प्रवेश प्रक्रिया में कितना खर्च हुआ, इसकी पूरी रिपोर्ट वित्त विभाग तैयार करने में जुट गया है।

एलयू में 2019-20 में यूजी, पीजी सहित विभिन्न कोर्सों में करीब 8 हजार स्टूडेंट्स ने दाखिला लिया था। इनकी फीस ऑनलाइन जमा करवाई गई थी। दाखिले के बाद फीस का ब्योरा विश्वविद्यालय के वित्त विभाग के पास भेज दिया गया था, लेकिन किस कोर्स में कितनी फीस ली गई, इसका ब्योरा नहीं है।

एलयू के वित्त अधिकारी संजय श्रीवास्तव के मुताबिक, वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने 2018-19 और 2019-20 में दाखिले से आई कोर्सवार फीस का ब्योरा मांगा है। नए वित्तीय वर्ष के बजट के लिए यह जरूरी है। परीक्षा और साइकिल स्टैंड से आने वाली आय का भी ब्योरा तैयार करवाया जा रहा है। इस संबंध में ऐडमिशन को-ऑर्डिनेटर से ब्योरा देने के लिए कहा है। हमारी कोशिश है कि 31 मार्च से पहले ही नए वित्तीय वर्ष का बजट मंजूर करवा लिया जाए।

**बीएड में मनमानी फीस की रिपोर्ट तलब:** एलयू में बीएड चौथे सेमेस्टर में मनमानी फीस के विरोध में दिए गए ज्ञापन को वीसी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने वित्त विभाग से इस पर रिपोर्ट तलब की है। साथ ही 13 जनवरी को शिक्षा संकाय के डीन, ऐडमिशन को-ऑर्डिनेटर और वित्त विभाग के साथ बैठक बुलाई है। बता दें कि गुरुवार को बीएड चौथे सेमेस्टर के छात्रों ने मनमानी फीस का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई थी।

### 10 कोर्सों के सेमेस्टर परीक्षाओं के नतीजे जारी

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को 10 कोर्सों के सेमेस्टर परीक्षाओं के नतीजे जारी कर दिए। इनमें एमडी (आयुर्वेद), बीएएमएस (फाइनल प्रफेशिएंसी), बीएएमएस (फोर्थ इयर प्रफेशिएंसी), एमबीए (फाइव इयर) सातवें सेमेस्टर, बीए (ऑनर्स) पब्लिक पॉलिसी पांचवें सेमेस्टर, बीए (ऑनर्स) पहले सेमेस्टर, बीए (ऑनर्स) तीसरे सेमेस्टर, एमए पर्शियन पहले और तीसरे सेमेस्टर, बीबीए (एमएस) प्रथम सेमेस्टर, बीए ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक ले. कर्नल एके मिश्रा ने बताया कि स्टूडेंट्स एलयू की वेबसाइट पर नतीजे देख सकते हैं।

